
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार



(एकवर्षीय पी0 जी0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम)

PG Diploma in Yoga & Alternative Therapy

योग विज्ञान विभाग

उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय

बहादराबाद, हरिद्वार

SYLLABUS (w. e. f. 2025-26)

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

20.8.26

BOARD OF STUDIES

S. N.	Name	Designation	Department	Affiliation
1.	Prof. Ramakant Pandey	Vice-Chancellor Chairman of the committee	-	Uttarakhand sanskrit University, Haridwar
2.	Prof. surendra Kumar Tyagi	Former Professor & Dean	Yoga	Gurukul Kangri Deemed to be University, Haridwar
3.	Prof. Sanjib Kumar Patra	Professor	Yoga	Central University Rajasthan
4.	Prof. Laxminarayan Joshi	Professor & Dean Convener BOS	Yoga	Uttarakhand sanskrit University, Haridwar
5.	Dr. Kamakhya Kumar	Former Head & Former Dean	Yoga	Uttarakhand sanskrit University, Haridwar

20.8.26

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

पारिभाषिक संकेताक्षर

1. DSCC- DISCIPLINE SPECIFIC CORE COURSE
   (स्वशास्त्र सम्बद्ध मुख्य विषय)
2. DSE- DISCIPLINE SPECIFIC ELECTIVECOURSE
   (स्वशास्त्र सम्बद्ध वैकल्पिक विषय)
3. GE- GENERIC ELECTIVE
   (सामान्य ऐच्छिक विषय)
4. AEC- ABILITY ENHANCEMENT COURSE
   (क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम)
5. SEC- SKILL ENHANCEMENT COURSE
   (कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम)
6. VAC- VALUE ADDED COURSE
   (मूल्य योजन पाठ्यक्रम)
7. IAPC-Internship/Apprenticeship/Project/Community Outreach
   (प्रशिक्षण कार्यक्रम/ शिक्षुता प्रशिक्षण/ परियोजना कार्य/ सामुदायिक सेवा गतिविधियाँ(IAPC)
   अथवा क्षेत्र आधारित पाठ्यक्रम)

पाठ्यक्रम संरचना एवं सामान्य निर्देश

साधारण नियम

1. विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति के द्वारा निर्मित नियमों के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में संबन्धित विभागाध्यक्ष/प्राचार्य /सक्षम अधिकारी द्वारा प्रवेश प्रदान किए जाएंगे।
2. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्रवेश संभव नहीं होगा।
3. किसी पाठ्यक्रम में अध्यापन के लिए शिक्षकों की उपलब्धता,प्रयोगशालाओं/ कक्षाओं में स्थान तथा संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर प्रवेश के लिए सीटों की संख्या निर्धारित की जाएगी।
4. आरक्षण के संबंध में राज्य सरकार के नियम मान्य होंगे।
5. शुल्क का निर्धारण विश्वविद्यालय के द्वारा विहित प्रक्रियानुसार किया जाएगा।

मुख्य एवं ऐच्छिक विषय (DSCC, DSE, GE)

1. प्रथम सत्र में प्रवेश के समय विद्यार्थी द्वारा विषयों के चयन हेतु सर्वप्रथम एक संकाय का चुनाव करना होगा।

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

2. संकाय के अंतर्गत मुख्य विषय का चयन विहित प्रावधानों के अनुसार किया जाना आवश्यक होगा।
3. विद्यार्थी को विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय में विषयों की उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार विषयों के चयन की सुविधा होगी।
4. बहुविषयकता सुनिश्चित करने के लिए स्नातक स्तर पर उसके द्वारा लिए गए मुख्य शास्त्रीय विषयों के अतिरिक्त एक सामान्य ऐच्छिक (GE) विषय लेना आवश्यक होगा।
5. सामान्य ऐच्छिक (GE) विषय का चयन विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय में उपलब्ध विषयों के अनुरूप किया जाएगा।
6. DSCC, DSE, GE के पत्र 4 क्रेडिट के होंगे।
7. उपलब्ध विषयों की सूची परिशिष्ट- 01 पर द्रष्टव्य है।

क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम (AEC)

1. क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम एक ऐसा भाषा आधारित पाठ्यक्रम है, जो अध्ययन के विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से ज्ञान में वृद्धि की ओर ले जाते हैं।
2. विद्यार्थी को स्नातक स्तर पर प्रारम्भिक दो वर्षो के 04 क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम पूर्ण करना आवश्यक होगा। यह पाठ्यक्रम प्रत्येक सत्र में 02 क्रेडिट्स का होगा।
3. क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम के अंतर्गत भाषा का चयन विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप किया जाएगा।
4. उपलब्ध विषयों की सूची परिशिष्ट 01 पर द्रष्टव्य है।

कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम (SEC)

1. कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम समस्त विषयों में कौशल आधारित पाठ्यक्रम है। इसका उद्देश्य व्यावहारिक प्रशिक्षण, दक्षता, कौशल आदि प्रदान करना है।
2. विद्यार्थी को स्नातक स्तर पर प्रारम्भिक तीन वर्षोंमें 06 क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम पूर्ण करना आवश्यक होगा। यह पाठ्यक्रम प्रत्येक सत्र में 02 क्रेडिट्स का होगा।
3. उपलब्ध विषयों की सूची परिशिष्ट 01 पर द्रष्टव्य है।

मूल्य योजन पाठ्यक्रम (VAC)

1. मूल्य योजन पाठ्यक्रम मूल्य आधारित पाठ्यक्रम है। इसका उद्देश्य छात्रों में नैतिकता, संस्कृति, भारतीय ज्ञान प्रणाली, संवैधानिक मूल्यों, शारीरिक शिक्षा और ऐसे समान मूल्यों को विकसित करने के लिए है, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायता करेंगे।

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

2. मूल्य योजन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत भारतीय ज्ञान परम्परा का ज्ञान कराने हेतु वैदिक साहित्य, रामायण, महाभारत, भारतीय दर्शन तथा प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था आदि विषयों को पाठ्यक्रम में समाहित किया जाएगा।
3. मूल्य योजन पाठ्यक्रम के अन्तर्गत स्नातक द्वितीय सत्र में पर्यावरणीय अध्ययन का अध्ययन आवश्यक होगा।
4. विद्यार्थी को स्नातक स्तर पर प्रारम्भिक दो वर्षों में 04 मूल्य योजन पाठ्यक्रम पूर्ण करना आवश्यक होगा। यह पाठ्यक्रम प्रत्येक सत्र में 02 क्रेडिट्स का होगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम/ शिक्षुता प्रशिक्षण/ परियोजना कार्य/ सामुदायिक सेवा गतिविधियाँ (IAPC/Fieldwork)

1. प्रशिक्षण कार्यक्रम/ शिक्षुता प्रशिक्षण/ परियोजना कार्य/ सामुदायिक सेवा गतिविधियाँ (IAPC) अथवा क्षेत्र-आधारित पाठ्यक्रम छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए है।
2. विद्यार्थी को स्नातक स्तर के तृतीय वर्ष के प्रत्येक सत्र में 04 क्रेडिट्स का IAPC अथवा क्षेत्र आधारित पाठ्यक्रम पूर्ण करना आवश्यक होगा। यह पाठ्यक्रम प्रत्येक सत्र में 04 क्रेडिट्स का होगा।
3. संबन्धित विभाग द्वारा पाठ्यक्रम निर्माण के समय IAPC अथवा क्षेत्र आधारित पाठ्यक्रम हेतु आवश्यकतानुसार नियम निर्धारित किए जाएंगे।
4. IAPC अथवा क्षेत्र आधारित पाठ्यक्रम को निष्पक्ष एवं संतुलित बनाए जाने के लिए विभाग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक IAPC अथवा क्षेत्र आधारित कार्य की प्रगति एवं निष्पादन का मूल्यांकन करेंगे। कार्य पूर्ण होने पर प्रस्तुतीकरण के पश्चात मूल्यांकन की प्रक्रिया विश्वविद्यालय द्वारा विहित नियमानुसार की जाएगी।

शोध परियोजना

1. स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी को प्रत्येक सेमेस्टर (पांचवे से ग्यारहवें सेमेस्टर तक) में शोध परियोजना करनी होगी। विद्यार्थी को तृतीय वर्ष में लघु शोध परियोजना तथा चतुर्थ एवं पंचम वर्ष में बृहद शोध परियोजना करनी होगी। यह शोध परियोजना इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग/ इंटर्नशिप/ सर्वे-वर्क इत्यादि के रूप में भी हो सकती है।
2. तृतीय वर्ष के दो मुख्य विषयों में से किसी एक विषय पर एवं चतुर्थ, पंचम, षष्ठ वर्ष के मुख्य विषय से संबन्धित विषय पर शोध परियोजना करनी होगी।
3. शोध परियोजना एक शिक्षक पर्यवेक्षक के निर्देशन में की जाएगी, आवश्यकतानुसार एक सह पर्यवेक्षक को किसी उद्योग/कंपनी/तकनीकी संस्थान/शोध संस्थान/ विश्वविद्यालय से लिया जा सकता है।

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

4. विद्यार्थी वर्ष के अंत में दोनों सेमेस्टर में की गई शोध परियोजना का संयुक्त प्रबंध जमा करेगा, जिसका मूल्यांकन वर्ष के अंत में शोध पर्यवेक्षक तथा विश्वविद्यालय द्वारा नामित बाह्य परीक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से 100 अंकों में से किया जाएगा। शोध परियोजना का मूल्यांकन शोध पर्यवेक्षक तथा विश्वविद्यालय द्वारा नामित बाह्य परीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

निर्देश

1. त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों हेतु स्नातक स्तर का चतुर्थ वर्ष स्नातकोत्तर स्तर के प्रथम वर्ष के समतुल्य होगा।
2. चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले विद्यार्थी स्नातकोत्तर स्तर के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु अर्ह माने जाएंगे।
3. ऐसे पाठ्यक्रम जो किसी एक विभाग विशेष द्वारा संचालित नहीं होते हैं, उनको संचालित करने हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर एक बहुविषयक पाठ्यक्रम निर्माण समिति का गठन किया जाएगा।

उत्तीर्ण प्रतिशत

1. प्रत्येक प्रश्नपत्र में उत्तीर्णांक न्यूनतम 33 प्रतिशत अनिवार्य होगा। केवल लघु शोध विषयों (थ्योरी एवं प्रेक्टिकल) में 40 प्रतिशत अंक लाने आवश्यक होंगे।
2. DSCC/ DSE/ GE के प्रत्येक पत्र (लिखित/ प्रायौगिक) में अधिकतम अंक 100 में से प्राप्तांकों की गणना 25 अंकों के सतत आंतरिक मूल्यांकन व 75 अंकों की विश्वविद्यालयीय परीक्षा में प्राप्त अंकों को जोड़ कर की जाएगी।
3. आन्तरिक-मूल्यांकन के अंकों का विभाजन निम्नानुसार होगा:-
   क. आन्तरिक परीक्षा/कार्य निर्देशन -10 अंक
   ख. विभागीय शास्त्र-परिचर्चा / संगोष्ठी – 05 अंक
   ग. अध्ययन सामग्री का संग्रह एवं प्रबंधन – 05 अंक
   घ. उपस्थिति- 5 अंक
   (75% = 01 अंक, 75.1% से 80% = 02 अंक, 80.1% से 85% = 03 अंक, 85.1% से 90% = 04 अंक, 90.1% से अधिक = 05 अंक देय)
4. AEC/ SEC/ VAC/ IAPC/ Fieldwork इत्यादि के 100 अंकों के पत्रों में उत्तीर्ण होने के लिए 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।
5. किसी भी पत्र के आन्तरिक मूल्यांकन के लिए पृथक् से कोई न्यूनतम उत्तीर्ण प्रतिशत नहीं है।

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

6. किसी भी प्रकार के कृपांक प्रदान नहीं किए जाएंगे।

प्रश्न पत्र (75 अंकों) का प्रारूप

- समय सीमा : 2:00 घण्टा
- प्रश्नपत्र दो भागों (प्रथम व द्वितीय) में विभक्त होगा। प्रथम भाग लघुत्तरात्मक / टिप्पणयात्मक एवं द्वितीय भाग दीर्घोत्तरात्मक / विवरणात्मक होगा।
- प्रथम भाग में सात प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर तथा द्वितीय भाग में से पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।
- प्रथम भाग में प्रत्येक प्रश्न 06 अंकों तथा द्वितीय भाग में प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का होगा।

प्रश्न पत्र (100 अंकों) का प्रारूप

- समय सीमा : 2:00 घण्टा
- प्रश्नपत्र दो भागों (प्रथम व द्वितीय) में विभक्त होगा। प्रथम भाग लघुत्तरात्मक / टिप्पणयात्मक एवं द्वितीय भाग दीर्घोत्तरात्मक / विवरणात्मक होगा।
- प्रथम भाग में सात प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर तथा द्वितीय भाग में पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।
- प्रथम भाग में प्रत्येक प्रश्न आठ अंकों तथा द्वितीय भाग में प्रत्येक प्रश्न बीस अंकों का होगा।

क्रेडिट एवं क्रेडिट-निर्धारण

1. सैद्धान्तिक विषय के एक क्रेडिट के लिए प्रति सप्ताह में एक कालांश का शिक्षण कार्य होगा, अर्थात एक सत्र के 15 सप्ताह में 15 कालांश का शिक्षण कार्य कराना होगा।
2. प्रशिक्षण कार्यक्रम/ शिक्षुता प्रशिक्षण/ परियोजना कार्य/ सामुदायिक सेवा गतिविधियाँ (IAPC) अथवा क्षेत्र आधारित पाठ्यक्रम आदि के एक क्रेडिट के लिए दो घंटे प्रति सप्ताह का शिक्षण कार्य होगा, अर्थात एक सत्र के 15 सप्ताह में 30 घंटे का प्रायोगिक/ प्रशिक्षण/ क्षेत्र आधारित कार्य कराना होगा।
3. एक बार क्रेडिट का उपयोग करने के पश्चात विद्यार्थी उन पेपर के क्रेडिट का उपयोग पुनः नहीं कर सकेगा। उदाहरण के लिए यदि कोई विद्यार्थी एक वर्ष अध्ययन करने के पश्चात 44 क्रेडिट का प्रयोग कर प्रमाणपत्र उपाधि को प्राप्त करता है तो उसके क्रेडिट खर्च माने जाएंगे। यदि वह कुछ वर्षों के पश्चात डिप्लोमा उपाधि प्राप्त करना चाहता है, तो वह अपनी मूल प्रमाणपत्र उपाधि को विश्वविद्यालय में जमा (Surrender) कर 44 क्रेडिट को रिक्रेडिट (Re-credit) करेगा, जिसके आधार पर द्वितीय वर्ष में 88 (44+44) क्रेडिट अर्जित कर डिप्लोमा की उपाधि प्राप्त कर सकता है। इसी प्रकार की व्यवस्था आगे भी होगी। यदि विद्यार्थी

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

लगातार अध्ययन करता है तथा प्रमाणपत्र/ डिप्लोमा प्राप्त नहीं करता है तो वह 132 क्रेडिट के आधार पर त्रिवर्षीय स्नातक उपाधि प्राप्त कर सकता है।

4. यदि कोई विद्यार्थी सर्टिफिकेट/ डिप्लोमा ले कर अपने क्रेडिट रिक्रेडिट (Re-credit) कर लेता है और वह आगामी परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो वह रिक्रेडिट (Re-credit) किए गए क्रेडिट का उपयोग कर पुनः सर्टिफिकेट/ डिप्लोमा प्राप्त कर सकता है।

ग्रेडिंग प्रणाली

स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में यूजीसी के दिशा निर्देशों पर आधारित निम्नलिखित 10 पॉइन्ट ग्रेडिंग प्रणाली लागू की जाएगी-

लेटर ग्रेड	विवरण	प्रतिशत/ अंकों की सीमा	ग्रेड पॉइन्ट
O	Outstanding	91-100	10
A+	Excellent	81-90	9
A	Very Good	71-80	8
B+	Good	61-70	7
B	Above Average	51-60	6
C	Average	41-50	5
P	Pass	33-40	4
F	Fail	0-32	0
AB	Absent	Absent	
Q	Qualified		
NQ	Not Qualified		

विशेष निर्देश

मूल्यांकन तथा परीक्षाफल के सम्बन्ध में नीति-निर्धारण विश्वविद्यालय स्तर पर पृथक से किया जाएगा।

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

परिशिष्ट - 1

(विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित विषयों की सूची)

1. स्वशास्त्र सम्बद्ध मुख्य विषय (DSCC)

शुक्ल यजुर्वेद
प्राचीन व्याकरण
नव्य व्याकरण
फलित ज्योतिष
सिद्धान्त ज्योतिष
पुराणेतिहास
संस्कृत साहित्य
शांकर वेदान्त

2. स्वशास्त्र सम्बद्ध वैकल्पिक विषय (DSE)

शुक्ल यजुर्वेद
प्राचीन व्याकरण
नव्य व्याकरण
फलित ज्योतिष
सिद्धान्त ज्योतिष
पुराणेतिहास
संस्कृत साहित्य
शांकर वेदान्त
आर्ष पाठ्यक्रम

3. सामान्य ऐच्छिक विषय (GE)

हिन्दी
अंग्रेजी
नेपाली
पर्यावरण विज्ञान
इतिहास
राजनीति विज्ञान
समाजशास्त्र
अर्थशास्त्र
गृह विज्ञान
वैदिक साहित्य
योग
शिक्षा शास्त्र

4. क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम (AEC)

संस्कृत भाषा कौशल
हिन्दी भाषा कौशल
अंग्रेजी भाषा कौशल
गढ़वाली भाषा कौशल
कुमाऊँनी भाषा कौशल
जौनसारी भाषा कौशल

5. कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम (SEC)

कर्मकाण्ड
वास्तुशास्त्र
कुण्डली विज्ञान
योग
आपदा-प्रबंधन
संगणक

6. मूल्य योजन पाठ्यक्रम (VAC)

भारतीय ज्ञान परम्परा
पर्यावरणीय अध्ययन

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

प्रवेश अर्हता – स्नातक/शास्त्री/बी.ए./समकक्ष उत्तीर्ण

कक्ष T	सत्रार्धम्	पत्रसंकेतसंख्या	पाठयक्रमविवरणम्	क्रेडिट
प्रथम वर्षम्	प्रथम	DSCC 1	योग के आधारभूत तत्व एवं हठयोग Fandamental of Yoga & Hath Yoga	4
		DSCC 2	प्रयोगात्मक – (आसन प्राणायाम–01) Practical – (Asana-pranayama etc) – 01	4
		DSE 1	अनुसंधान एवं सांख्यिकी Research Methods & Statistics	4
		DSE 2	नाड़ी विज्ञान एवं मर्म चिकित्सा Nadi Vigyan and Marma Therapy	4
		IAPC 1	शेधपरक शैक्षणिक –गतिविधिया Research Based Academic Activities	6
			सत्रार्ध का योग	22
	द्वितीय	DSCC 3	योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा Yoga & Alternative Therapy	4
		DSCC 4	शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान Human Anatomy & Physiology	4
		DSE 03	योग एवं स्वास्थ्य Yoga and Health	4
		DSE 04	प्रयोगात्मक – (आसन प्राणायाम–02) Practical – (Asana-pranayama etc) – 02	4
		IAPC 2	शोध परियोजना Research Project	6
			सत्रार्ध का योग	22
			समग्र योग	44
		पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर देय उपाधि	पी0 जी0 डिप्लोमा योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा	

Abbreviations-

DSC- Discipline Specific Course; DSE- Discipline Specific Electives; GE- Generic Electives; SECSkill Enhancement Course; VAC-Value Added Course

Programme Specific Outcomes

Programme Specific Outcomes (PSO): Undergraduate Programme After this programme, the learners will be able to:	
PSO 1	Assimilate myths and Fact about Yoga, Hatha Yoga, Psychology, etc.
PSO2	Reflect upon the categoires of principles and practices with self initiatitves and discussion.
PSO 3	Read, speak and write on Yogic subject matters mindfully and rationally.
PSO 4	Improve their communication skills to interact with the clients and groups.
PSO 5	Acquire respects towards Yoga, Yoga tradtions and texts, their upline, clients, etrc.
PSO 6	Reflect teachings of safe and purpose Yoga modules for group and individuals.
PSO 7	Improve moral and rational responsibilities one's own plans and actions.
PSO 8	Respect the individuals and groups with different gender, age, community and culture.
PSO 9	Develop environmental (family, friends, relatives, air, water, sunlight, etc.) consciousness and sensitize oneself to environmental issues.
PSO 10	Adapt to changing demands of 21st century with an attitude of "Learning How to Learn" and Life Long Learning (3L)

Programme Specific Outcomes (PSO): Honours Degree After this programme, the learners will be able to:	
PSO 1	Apply logical and critical thinking in comprehension of principles and practices of Yoga in philosophical, physiological and psychological terms.
PSO2	Use the principles and practices of Yoga with above perspective for one' own and socieity's wellness.
PSO3	Deliver the subject matter of Yoga with appropriate teaching methods.
PSO4	Manage one's own stress and prevent the possible diseases.
PSO5	Help the clients to reduce their stress and prevent their common diseases.
PSO6	Apply the knowledge of human consciousness and modern psychology for understanding one's own and other's inner world and solve the problems.
PSO7	Apply knowledge of IT, Yoga and Research Methodology in taking up small projects or pilot research.

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

PSO8	Use the offline and oneline mode to convey one's Yoga related message to individual and groups.
PSO9	Improve one's own and client's lacking health and personality dimensions over a period of time.

Programme Specific Outcomes (PSOs): Master's Degree After this programme, the learners will be able to:	
PSO 1	It will create a professional Yoga therapist so that they could teach yoga under the supervision of a doctor for health and healing.
PSO2	It will provide all that which is required to develop the highest level of consciousness.
PSO3	It will create medical officers and ayurvedic doctors.
PSO4	It will help the students to set up Yoga studios and provide society with nature cure treatment.
PSO5	It will help the students to practice teaching at various platforms.
PSO6	It will create chances of self employment.
PSO7	It will connect students to nature and provide deep knowledge of herbs.
PSO8	It will create efficient Dietician and form healthy eating habits in the society
PSO9	It will make meaningful contribution to the field of Yoga studies through original research and scholarship, addressing gaps in knowledge, advancing theoretical frameworks, or shedding new light on existing texts and traditions.

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

Title of the Course:-

The programme shall be called "01 Years PG Diploma in Yoga and Alternative Therapy"

Objectives of the programme:-

- To introduce Yoga therapy, its principles and practices of Yoga to people with various lifestyle disorders.
- To make the people aware of the therapeutic and preventive value of Yoga.
- To bring peace and harmony in the society at large by introducing the Yogic way of life.
- To create therapists of high calibre to make the society free free from stress and lifestyle related diseases.

Duration:-

The minimum duration of the programme will be one years (2 semesters) and the maximum duration will be two years.

Eligibility:-

The candidate should have completed Bachelor in any discipline from a recognized board or equivalent.

Grade System:-

Regarding grading system, the rule of the four years Bachelor course will be followed as per the University rules & regulations.

Procedure of Admission:-

The rules of university will be applicable

Seats:-

As a Pilot Project, the course is currently limited to 10 seats only. The Examination patterns of course will semester wise. The examination Fee will be charged as per the rules of the University.

Attendance:-

Seventy four percent attendances in theory and practical classes respectively will be necessary for a candidate to appear in the final examination.

Points, if any, not covered by the provisions of this ordinance will be subject to the existing rules and regulations of the University and the Act, the statutes and the Ordinances, of the university, as applicable from time to time.

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

PG Diploma in Yoga and Alternative Therapy	DSCC 01 योग के आधारभूत तत्त्व एवं हठयोग Fundamentals of Yoga & Hathyoga					SEMESTER-I	
Total Lectures	Maximum Marks (MM)	Time	L	T	P	Sessional	End Semester Exam (ESE)	Total Credits
60	100	2 Hrs.	3	1	0	25	75	04

इकाई	विवरण
1	योग का अर्थ, परिभाषा, इतिहास, योग का स्वरूप, योग का महत्व, योगी का व्यक्तित्व, आधुनिक युग में योग की उपयोगिता। विभिन्न शास्त्रों में योग का स्वरूप– वेद, उपनिषद, गीता, योग वाशिष्ठ, जैनमत, बौद्धमत, सांख्य शास्त्र, वेदान्त, तन्त्र शास्त्र, आयुर्वेद।
2	योग पद्धतियां– राजयोग, ज्ञान योग, भक्तियोग, कर्मयोग, अष्टांगयोग, हठयोग, मंत्रयोग, सन्यासयोग। विभिन्न योगियों का परिचय– महर्षि पतंजलि, गोरक्षनाथ, महर्षि दयानन्द, स्वामी विवेकानंद, श्री अरविन्द, महर्षि रमण, श्यामाचरण लाहिडी, परमहंस योगानंद, स्वामी शिवानंद, स्वामी कुवलयानंद।
3	हठयोग का अर्थ, परिभाषा, अभ्यास हेतु उचित स्थान, ऋतु, काल, योगाभ्यास के लिए पथ्यापथ्य निर्देश,
4	हठयोग प्रदीपिका – साधना में साधक व बाधक तत्व, हठसिद्धि का लक्षण, हठयोग की उपादेयता हठयोग प्रदीपिका में वर्णित आसनों की विधि व लाभ। प्राणायाम की परिभाषा, प्रकार, विधि व लाभ, प्राणायाम की उपयोगिता, षटकर्म विधि व लाभ। बन्ध मुद्रा, समाधि का वर्णन, नादानुसंधान, कुण्डलिनी का स्वरूप तथा जागरण के उपाय।
5	**घेरण्ड संहिता** – सप्तसाधन, घेरण्ड संहिता में वर्णित षटकर्म– धौति, बस्ति, नेति, नौलि, त्राटक, कपालभाति की विधि व लाभ। आसन, प्राणायाम, मुद्राएँ, प्रत्याहार, ध्यान व समाधि का विवेचन।

सन्दर्भ ग्रन्थ–

श्रीमद्भगवद्गीता	– शांकरभाष्य
पातंजलयोगसूत्र	– गीता प्रेस गोरखपुर
योग वासिष्ठ	– गीता प्रेस गोरखपुर
ज्योत्स्ना टीका	– गो0दे0 (सहाय जी)
योग विज्ञान	– स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती
योग महाविज्ञान	– डॉ0 कामाख्या कुमार
वेदों में योग विद्या	– स्वामी दिव्यानंद
योग मनोविज्ञान	– शांतिप्रकाश आत्रेय
भारतीय दर्शन	– आचार्य बलदेव उपाध्याय
औपनिषदिक अध्यात्म विज्ञान	– डा0 ईश्वर भारद्वाज
कल्याण (योग तत्वांक)	– गीता प्रेस गोरखपुर
कल्याण (योगांक)	– गीता प्रेस गोरखपुर
Yoga Darshan	- Sw. Niranjanananda Saraswati
Super Science of Yoga	– Dr Kamakhya Kumar
भारत के संत महात्मा	– रामलाल
भारत के महान योगी	– विश्वनाथ मुखर्जी

नोटः इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड होंगे– अ, और ब। "खण्ड अ" में दिए गए लघुउत्तरीय/टिप्पणात्मक सात प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे जिनमें से प्रत्येक पाँच अंको का होगा। "खण्ड ब" में दीर्घोत्तरात्मक/विवरणात्मक चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर देने होंगे जिनमें से प्रत्येक दस अंको का होगा। प्रश्न पत्र सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा।

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
देव संस्कृति विश्वविद्यालय
249402 उत्तराखण्ड

PG Diploma in Yoga and Alternative Therapy	DSCC 02 प्रयोगात्मक – (आसन प्राणायाम –01) Practical – (Asana - Pranayama 01)	SEMESTER-I

Total Lectures	Maximum Marks (MM)	Time	L	T	P	Sessional	End Semester Exam (ESE)	Total Credits
60	100	2 Hrs.	3	1	0	00	100	04

शीर्षक	विवरण	अंक
आसन	पवन मुक्तासन समूह, सूर्यनमस्कार सिद्धासन, पदमासन, वज्रासन, स्वस्तिकासन, वीरासन, उदराकर्षण, भद्रासन, जानुशीर्षासन, अर्द्धमत्स्येन्द्रासन, गौमुखासन, उष्ट्रासन, उत्तानपादासन, नौकासन, सर्वांगासन, हलासन, मत्स्यासन, सुप्तवज्रासन, कटिचकासन, चक्रासन, ताडासन, तिर्यक ताडासन, एक पाद प्रणाम, वृक्षासन, गुरुडासन, हस्तोत्तानासन, पादहस्तासन, त्रिकोणासन, अर्ध धनुरासन, मार्जारि आसन,अर्ध शलभासन, भुजंगासन, मकरासन, शवासन, बालासन, अद्धवासन, बकासन, अर्धहलासन, सर्पासन, सुखासन, अर्धपद्मासन, एक पाद हलासन, सेतुबंधासन, मर्कटासन, शशांकासन, विपरीत नौकासन, द्विकोणासन, पार्श्वतानासन, सिंहासन, मंडूकासन।	20
प्राणायम	लम्बा गहरा श्वास–प्रश्वास 1. डायफ्रामिक ब्रीथ / फुफ्फुसीय श्वसन 2. नाडी शोधन प्राणायाम 3. सूर्यभेदी प्राणायाम 4. चन्द्रभेदी प्राणायाम 5. उज्जायी प्राणायाम	10
षटकर्म	1. जलनेति 2. रबड़ नेति 3. वमन, धौति / कुंजल क्रिया 4. वातकर्म कपाल भाति	10
मुद्रा–बन्ध	1. ज्ञान मुद्रा 2. चिन मुद्रा 3. विपरीतकरणी मुद्रा 4. जालंधर बंध 5. उड्डीयान बंध 6. मूल बंध 7. योग मुद्रा	10
ध्यान विधियाँ	सोऽहम् साधना एवं सविता ध्यान	10
मौखिकी		10

सन्दर्भ ग्रन्थ –

हठयोग प्रदिपिका	–	प्रकाशक कैवल्यधाम लोणावाला
घेरण्ड संहिता	–	योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट, मुंगेर, बिहार
शिवसंहिता	–	बोखम्मा ओरियन्टालिया
वशिष्ठ संहिता	–	गीताप्रैस, गोरखपुर
आसन प्राणायाम मुद्रा एवं बन्ध	–	योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट, मुंगेर, बिहार

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

PG Diploma in Yoga and Alternative Therapy	DSE 1					SEMESTER- I	
	अनुसंधान एवं सांख्यिकी Research Methods & Statistics						
Total Lectures	Maximum Marks (MM)	Time	L	T	P	Sessional	End Semester Exam (ESE)	Total Credits
60	100	2 Hrs.	3	1	0	25	75	04

पाठ्यक्रम अधिगम परिणाम

इस पाठ्यक्रम के अध्ययन के बाद छात्र अनुसंधान की मूलभूत अवधारणाओं, शोध पद्धतियों, डेटा संग्रहण तथा सांख्यिकीय विश्लेषण की तकनीकों को समझ सकेगा। वह योग एवं स्वास्थ्य संबंधी शोध कार्यों की योजना बनाने, निष्कर्ष निकालने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से शोध परिणामों का मूल्यांकन करने में सक्षम होगा।

इकाई	विवरण
1	**शोध स्वरूप एवं समस्याः– शोध–** शोध का अर्थ तथा विशेषताएं। शोध के प्रकार– साहित्यक शोध, मनोवैज्ञानिक शोध एवं प्रयोगात्मक शोध। योग में शोध की आवश्यकता तथा महत्व। **समस्या–** समस्या का स्वरूप, स्रोत तथा प्रकार, वैज्ञानिक समस्या की विशेषताएं, समस्या के चयन में ध्यान देने वाली बातें।
2	**परिकल्पना, प्रतिदर्श चयन एवं प्रदत्त–संग्रहण की प्रविधियोंः– परिकल्पना–** परिकल्पना का स्वरूप तथा प्रकार। **प्रतिदर्श चयन–** प्रतिदर्श चयन का अर्थ तथा महत्व, प्रसम्भाव्यता तथा अप्रसम्भाव्यता प्रतिदर्श चयन की प्रविधियाँ। **प्रदत्त–संग्रहण की प्रविधियाँ–** प्रेक्षण विधि, प्रयोगात्मक विधि, प्रश्नावली, साक्षात्कार
3	**चर, प्रयोगात्मक नियन्त्रण, शोध अभिकल्प एवं शोध प्रतिवेदन लेखनः–** **चर–** चर का अर्थ तथा प्रकार। स्वतन्त्र तथा आश्रित चरों का जोड–तोड़। **प्रयोगात्मक नियन्त्रण–** प्रयोगात्मक नियन्त्रण का स्वरूप तथा समस्या। **नियन्त्रण की तकनीकें–** निरसन (निराकरण), दशाओं की स्थिरता, सन्तुलन, प्रतिसन्तुलन, यादृच्छिकरण। **शोध अभिकल्प–** शोध अभिकल्प का अर्थ तथा उद्देश्य। यादृच्छिकृत समूह अभिकल्प तथा कारकीय अभिकल्प। **शोध प्रतिवेदन–लेखन–** शोध प्रतिवेदन–लेखन की विधि तथा शैली
4	**वर्णनात्मक सांख्यिकीः– आधारभूत संप्रत्यय–** सांख्यिकी का अर्थ, स्वरूप तथा अनुप्रयोग। मापन का स्वरूप तथा मापन की मापनियाँ या स्तर। प्रदत्तों का रेखाचित्रण (ग्राफीय) प्रस्तुतीकरण– आवृत्ति बहुभुज तथा स्तम्भाकृति। **केन्द्रीय प्रवृत्ति की मापें–** मध्यमान, मध्यांक तथा बहुलांक की गणना (अवर्गीकृत तथा वर्गीकृत प्रदत्त) **विचलनशीलता की मापें–** प्रसार (विस्तार), चतुर्थांश विचलन तथा प्रामाणिक (मानक) विचलन। **प्रसामान्य वितरण–** प्रसामान्य प्रसम्भाव्यता वक्र (एन. पी. सी) का अर्थ, विशेषताएं तथा अनुप्रयोग। **सहसम्बन्ध–** अर्थ, सहसम्बन्ध गुणांक की गणना– गुणनफल आघूर्ण विधि (प्रोडेक्ट मोमेन्ट विधि) तथा कोटि–अन्तर विधि (स्थानक्रम विधि)
5	**भविष्यकथन एवं अनुमानः– प्रतिगमन–** प्रतिगमन समीकरणें तथा भविष्यकथन। मध्यमान की सार्थकता। दो समूहों के मध्यमानों के अन्तर की सार्थकता (स्वतन्त्र समूह तथा सहसम्बन्धित समूह)– क्रान्तिक अनुपात परीक्षण तथा टी–परीक्षण। काई–वर्ग परीक्षण। **प्रसरण–विश्लेषण–** एक–दिश (एक मार्गीय) प्रसरण–विश्लेषण।

सन्दर्भ ग्रन्थ–

अनुसंधान विधियां	– एच. के. कपिल
मनोविज्ञान एवं शिक्षा में सांख्यिकी	– गैरेट
Foundation of Behavioral Sciences	- Kerlinger
Research Methods in Behavioral Sciences	- Festinger & Katz
Statistics in Psychology and Education	- Garret

नोटः इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड होंगे– अ, और ब। "खण्ड अ" में दिए गए लघुउत्तरीय/विश्लेषणात्मक सात प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे जिनमें से प्रत्येक पाँच अंको का होगा। "खण्ड ब" में दीर्घोत्तरात्मक/विवरणात्मक चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर देने होंगे जिनमें से प्रत्येक पन्द्रह अंको का होगा। प्रश्न पत्र सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा।

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402

PG Diploma in Yoga and Alternative Therapy	DSE–01 नाड़ी विज्ञान एवं मर्म चिकित्सा Nadi Vigyan and Marma Therapy						SEMESTER-I
Total Lectures	Maximum Marks (MM)	Time	L	T	P	Sessional	End Semester Exam (ESE)	Total Credits
60	100	2 Hrs.	3	1	0	25	75	04

पाठ्यक्रम अधिगम परिणाम

इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से छात्र प्राकृतिक चिकित्सा के सिद्धांतों, जल चिकित्सा, मिट्टी चिकित्सा, सूर्य चिकित्सा, वायु चिकित्सा, उपवास एवं प्राकृतिक आहार के महत्व को समझ सकेगा। वह प्राकृतिक साधनों द्वारा स्वास्थ्य संरक्षण एवं रोग निवारण की विधियों का व्यावहारिक ज्ञान दूसरा सेमेस्टर प्राप्त करेगा।

इकाई	विवरण
1	नाड़ी विज्ञान : अर्थ, परिभाषा एवं इतिहास, योग, आयुर्वेद एवं तंत्र में नाड़ी की अवधारणा, इड़ा, पिंगला एवं सुषुम्ना नाड़ी, 72,000 नाड़ियों की संकल्पना, पंचप्राण एवं उपप्राण का स्वरूप, नाड़ी एवं चक्रों का सम्बन्ध, नाड़ी विज्ञान का शारीरिक एवं सूक्ष्म आधार, शरीर, मन एवं प्राण का पारस्परिक सम्बन्ध, नाड़ी शुद्धि एवं संतुलन की अवधारणा
2	नाड़ी परीक्षण का महत्व एवं उद्देश्य, आयुर्वेदिक नाड़ी परीक्षण की विधि, वात, पित एवं कफ नाड़ी की पहचान, नाड़ी परीक्षण में समय, स्थिति एवं सावधानियाँ, मानसिक एवं शारीरिक अवस्थाओं का नाड़ी पर प्रभाव, रोग निदान में नाड़ी विज्ञान की भूमिका, नाड़ी परीक्षण एवं आधुनिक स्वास्थ्य विज्ञान, नाड़ी परीक्षण की सीमाएँ एवं नैतिक पक्ष, प्रायोगिक नाड़ी निरीक्षण एवं विश्लेषण
3	मर्म चिकित्सा : अर्थ, इतिहास एवं महत्व, आयुर्वेद में मर्म विज्ञान का स्थान, मर्म बिन्दुओं की संकल्पना एवं वर्गीकरण, प्रमुख 107 मर्म बिन्दु : परिचय एवं स्थान, मर्म एवं प्राण ऊर्जा का सम्बन्ध, मर्म बिन्दुओं का शारीरिक एवं चिकित्सीय महत्व, मर्म चिकित्सा की विधियाँ एवं तकनीकें, स्पर्श चिकित्सा एवं ऊर्जा संतुलन, मर्म चिकित्सा में सावधानियाँ एवं निषेध
4	एक्यूप्रेशर : अर्थ, इतिहास एवं विकास, एक्यूप्रेशर एवं एक्यूपंक्चर का परिचय, मेरिडियन एवं ऊर्जा प्रवाह की अवधारणा, प्रमुख एक्यूप्रेशर बिन्दु एवं उनका स्थान, हाथ, पैर एवं शरीर के मुख्य दबाव बिन्दु, एक्यूप्रेशर तकनीकें एवं उपकरण, दर्द प्रबंधन में एक्यूप्रेशर, तनाव, अनिद्रा एवं सिरदर्द में उपयोगिता, एक्यूप्रेशर की सावधानियाँ एवं सीमाएँ
5	नाड़ी विज्ञान, मर्म चिकित्सा एवं एक्यूप्रेशर का समन्वित अध्ययन, जीवनशैली विकारों में उपयोगिता, मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं मोटापा प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन में भूमिका, खेल चिकित्सा एवं पुनर्वास में भूमिका, समग्र स्वास्थ्य एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता में एक्यूप्रेशर का महत्व

सन्दर्भ ग्रन्थ –

हठयोग प्रदिपिका	—	प्रकाशक कैवल्यधाम लोणावाला
घेरण्ड संहिता	—	योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट, मुंगेर, बिहार
नाड़ी विज्ञान, मर्म चिकित्सा एवं एक्यूप्रेशर	—	डॉ0 कामाख्या कुमार
Light on yoga	-	B.K.S IYENGAR
Asana Why & How	-	O.P. Tiwari

नोटः इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड होंगे– अ, और ब। "खण्ड अ" में दिए गए लघुउत्तरीय/टिप्पणात्मक सात प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे जिनमें से प्रत्येक पाँच अंको का होगा। "खण्ड ब" में दीर्घोत्तरात्मक/विवरणात्मक चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर देने होंगे जिनमें से प्रत्येक पन्द्रह अंको का होगा। प्रश्न पत्र सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा।

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

PG Diploma in Yoga and Alternative Therapy	IAPC –01 शोधपरक शैक्षिणिक – गतिविधियां Research Based Academic Activities					SEMESTER-I	
Total Lectures	Maximum Marks (MM)	Time	L	T	P	Sessional	End Semester Exam (ESE)	Total Credits
60	100	2 Hrs.	3	1	0	00	100	04

क्र.	विवरण	अंक
1	विद्यार्थी अपने आस–पास के किसी सार्वजनिक स्थल/आश्रम/धर्मशाला/कॉलेज/ स्कूल/ हॉस्पिटल/हेल्थ कल्ब/आदि में एक सप्ताह का योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर उसकी विस्तृत रिपोर्ट (कार्यक्रम के छाया चित्र एवं संस्था प्रमुख के प्रमाण पत्र आदि संलग्न करते हुए) विभाग में जमा करेंगे। विद्यार्थी उस रिपॉर्ट को बाह्य एवं आंतरिक विशेज्ञय के सम्मुख प्रस्तुत करेंगे।	50
2	**शोधपत्र समीक्षा –** • विद्यार्थियों को योग विषय पर किसी विद्धान द्वारा प्रकाशित सन्दर्भित कोई भी दो **शोधपत्रों** की समीक्षा प्रस्तुत करनी होगी। • समीक्षा 5–5 पृष्ठों पर हस्तलिखित होनी चाहिए। • शोधपत्र का चयन करने से पूर्व विभागाध्यक्ष की सहमति आवश्यक है। • समीक्षा 15 अप्रैल तक विभाग में जमा करानी होगी। • समीक्षा के अन्तर्गत शोधपत्र से सम्बन्धित निम्न बिन्दू रहेंगे– लेखक का नाम, शीर्षक, प्रकाशक, प्रकाशन का वर्ष, पुस्तक की विषय वस्तु एवं सारांश। कक्षा के सभी विद्यार्थियों की शोधपत्र की समीक्षा अलग–अलग होगी (पुनरावृत्ति मान्य नहीं होगी।)	20
3	विशेषज्ञ, प्रस्तुतिकरण के आधार पर कार्यक्रम की गुणवत्ता का आकलन करते हुए अभ्यर्थी से मौखिकी के आधार पर अंक निर्धारित करेंगे।	30

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

PG Diploma in Yoga and Alternative Therapy	DSCC 03						SEMESTER- II
	योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा Yoga & Alternative Therapy						
Total Lectures	Maximum Marks (MM)	Time	L	T	P	Sessional	End Semester Exam (ESE)	Total Credits
60	100	2 Hrs.	3	1	0	25	75	04

पाठ्यक्रम अधिगम परिणाम

इस पाठ्यक्रम के अध्ययन के बाद छात्र विभिन्न वैकल्पिक चिकित्सा प्रणालियों तथा उनके सिद्धांतों और उपयोगों को समझ सकेगा। वह समग्र स्वास्थ्य संवर्धन एवं रोग निवारण में इन चिकित्सा पद्धतियों की भूमिका का मूल्यांकन कर सकेगा तथा योग चिकित्सा के साथ उनके समन्वित उपयोग को समझ पाएगा।

इकाई	विवरण
1	**वैकल्पिक चिकित्सा** की अवधारणा (भारतीय व पाश्चात्य), वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र, सीमाएँ, वैकल्पिक चिकित्सा की आवश्यकता, महत्व एवं अनुसंधान की आवश्यकता।
2	**एक्यूप्रेशर** : अर्थ एवं इतिहास, एक्यूप्रेशर के सिद्धान्त एवं विधि, एक्यूप्रेषर के उपकरण, एक्यूप्रेशर के लाभ, विभिन्न दाब बिन्दुओं का परिचय। एक्यूप्रेशर एवं सुजोक में साम्यता एवं विषमता।
3	**चुम्बक चिकित्सा** : परिचय, चुम्बक चिकित्सा का इतिहास, प्रयोग विधि, प्रकार एवं प्रभाव
4	**प्राणिक हीलिंग** : परिचय, प्राण, चेतना और पंच कोश, प्रभामण्डल और प्राणशक्ति, सिद्धान्त, विधि एवं प्रभाव
5	**साऊड हीलिंग** : परिचय, अवधारणा, सिद्धांत, नियम एवं विधि, सहायक साधना उपचार विधि एवं प्रभाव

संदर्भ ग्रन्थ–

Acupressure – Dr. Attar Singh
Acupressure – Dr. L.N. Kothari
Acupressure (you are doctor for yourself) - Dr. Dhiren Gala
Sujok Therapy – Dr. Aasha Maheshwari
Miracles through pranic healing - Master Choa Kok Sui
Advanced pranic healing – Master Choa Kok Sui
Pranic Psychotherapy – Master Choa Kok Sui
नाड़ी विज्ञान मर्म चिकित्सा एवं एक्यूप्रेशर – डॉ. कामाख्या कुमार

नोटः इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड होंगे– अ, और ब। "खण्ड अ" में दिए गए लघुउत्तरीय/टिप्पणात्मक सात प्रश्नों में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे जिनमें से प्रत्येक पाँच अंको का होगा। "खण्ड ब" में दीर्घोत्तरात्मक/विवरणात्मक चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर देने होंगे जिनमें से प्रत्येक पन्द्रह अंको का होगा। प्रश्न पत्र सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा।

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

PG Diploma in Yoga and Alternative Therapy	DSCC - 04					SEMESTER- II	
	शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान Human Anatomy & Physiology						
Total Lectures	Maximum Marks (MM)	Time	L	T	P	Sessional	End Semester Exam (ESE)	Total Credits
60	100	2 Hrs.	3	1	0	25	75	04

पाठ्यक्रम अधिगम परिणाम

इस पाठ्यक्रम के अध्ययन के उपरांत छात्र मानव शरीर की संरचना एवं विभिन्न जैविक तंत्रों की कार्यप्रणाली का ज्ञान प्राप्त करेगा। वह अस्थि, पेशी, तंत्रिका, श्वसन एवं परिसंचरण तंत्र की मूलभूत अवधारणाओं को समझ सकेगा। साथ ही छात्र योगाभ्यास का शरीर की कार्यप्रणाली पर पड़ने वाले प्रभावों का वैज्ञानिक अध्ययन कर सकेगा।

इकाई	विवरण
1	मानवीय कोशिका– संरचना व इसके विभिन्न अवयवों के कार्य, ऊतक व प्रकार तथा कार्य। अस्थि तन्त्र, अस्थि की परिभाषा, अस्थि के भेद, अस्थि की संख्या, अस्थि की रचना, अस्थि के कार्य, तरूणास्थि का स्थान, तरूणास्थि के भेद और कार्य, सन्धि स्थल, प्रकार, घुटने व कशेरूका सन्धि स्थल की रचना, अस्थि पर योग का प्रभाव।
2	श्वसन तन्त्र– श्वसन की परिभाषा, श्वसन के भेद, श्वसन तन्त्र की रचना, श्वसन की क्रिया–वाह्य व आन्तरिक, गैसों का परिवहन, श्वसन क्रिया की नियंत्रण प्रकियायें। श्वसन क्षमताएं व आयतनों की संक्षिप्त जानकारी, श्वसन तन्त्र पर योग का प्रभाव। प्राण की परिभाषा और भेद, प्राणायाम का महत्व।
3	रक्त परिसंवरण तंत्र– रक्त की रचना, श्वेत रक्त कण, लालरक्त कण व रक्तचक्रिका की रचना व कार्य, रक्त के कार्य, धमनी–शिरा की रचना व अन्तर, हृदय की बाह्य एवं आन्तरिक रचना, हृदय चक्र, रक्तदाब, रक्त का संवहन, रक्त परिसंवरण तन्त्र पर योग का प्रभाव, रक्तदाब व हृदय गति की नियन्त्रण प्रक्रिया। पाचन तन्त्र–पाचन तन्त्र की परिभाषा, पाचन तन्त्र की रचना व क्रियायें। प्रोटीन, वसा तथा कार्बोहाईड्रेट्स का पाचन, यकृत की रचना और कार्य, अग्नाशय की रचना और कार्य, पाचन तन्त्र पर योग का प्रभाव।
4	पेशीतन्त्र– मांस धातु की परिभाषा व उत्पत्ति, पेशी का परिचय, पेशियों की संख्या व शरीर की इन प्रधान पेशियों का संक्षिप्त परिचय यथा फ्रन्टेलिस, आक्सीपीटेलिस, टैम्पोरेलिस, स्टरनोक्लीडोमैस्टायड, लैटिसमस, डोरसाई, ट्रापीजियस, रैक्टस, एबडोमिनिस, डायाफ्राम, डैल्टायड, वाइसैप्स, ट्राईसैप्स, ग्लूटियस मैक्सीमस, फेमोरेलिस, सारटोरियस, गैस्ट्रोकनीमियस। पेशी के भेद, पेशी की रचना, पेशी के कार्य, योग का पेशी तन्त्र पर प्रभाव।
5	अन्तःस्त्रावी तन्त्र– अन्तःस्त्रावी व बहिस्त्रावी ग्रन्थियां, एन्जाइमस व हार्मोन में अन्तर, पीयूष ग्रन्थि, पिनियल ग्रन्थि, परिचुल्लिका ग्रन्थी, चुल्लिका ग्रन्थि, थायमस ग्रन्थि, अग्नाशय तथा एड्रीनल ग्रन्थि, डिम्ब व अण्डकोष ग्रन्थियों की स्थिति, हार्मोन व उनके कार्य, योग का अन्तःस्त्रावी ग्रन्थियों पर प्रभाव।

सन्दर्भ ग्रंथ –

शरीर रचना व किया विज्ञान – डॉ. अनन्त प्रकाश गुप्ता
सुश्रुत (शरीर स्थान) – डॉ. भास्कर गोविन्द घाणेकर
शरीर रचना विज्ञान – डॉ. मुकुन्द स्वरूप वर्मा
शरीर किया विज्ञान – डॉ. प्रियवृत शर्मा
शरीर रचना व किया विज्ञान – डॉ. एस. आर. वर्मा
आयुर्वेदीय किया शरीर – वैद्य रणजीत राय देसाई
Anatomy & Physiology for Nurses – J.P.Brothers

नोटः इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड होंगे– अ, और ब। "खण्ड अ" में दिए गए लघुउत्तरीय/विषणात्मक सात प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे जिनमें से प्रत्येक पाँच अंको का होगा। "खण्ड ब" में दीर्घोत्तरात्मक/विवरणात्मक चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर देने होंगे जिनमें से प्रत्येक पन्द्रह अंको का होगा। प्रश्न पत्र सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा।

अध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
संस्कृत विश्वविद्यालय
19402 उत्तराखण्ड

PG Diploma in Yoga and Alternative Therapy	DSE - 03	SEMESTER- II
	योग एवं स्वास्थ्य Yoga and Health	

Total Lectures	Maximum Marks (MM)	Time	L	T	P	Sessional	End Semester Exam (ESE)	Total Credits
60	100	2 Hrs.	3	1	0	25	75	04

पाठ्यक्रम अधिगम परिणाम

इस पाठ्यक्रम का अध्ययन करने के बाद छात्र स्वास्थ्य की समग्र अवधारणा तथा योग और स्वास्थ्य के पारस्परिक संबंध को समझ सकेगा। वह विभिन्न योगिक क्रियाओं, आसनों, प्राणायाम एवं ध्यान के स्वास्थ्यवर्धक प्रभावों का ज्ञान प्राप्त करेगा। साथ ही छात्र जीवनशैली जनित रोगों के प्रबंधन, तनाव नियंत्रण तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन में योग के व्यावहारिक उपयोग को सीख सकेगा।

इकाई	विवरण
1	**स्वास्थ्य एवं योग का परिचय** स्वास्थ्य : अर्थ, परिभाषा एवं आयाम, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य, योग एवं स्वास्थ्य का सम्बन्ध, योगिक जीवनशैली एवं दिनचर्या, आहार, विहार एवं आचार का महत्व, आधुनिक जीवनशैली एवं स्वास्थ्य समस्याएँ, समग्र स्वास्थ्य की योगिक अवधारणा
2	**योगिक क्रियाएँ एवं स्वास्थ्य संवर्धन** षट्कर्म : अर्थ एवं महत्व, धौति, बस्ती, नेति, नौली, कपालभाति एवं त्राटक, शारीरिक शुद्धि एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता, स्वास्थ्य हेतु प्रमुख आसनों का परिचय, सूर्य नमस्कार एवं उसका महत्व, शिथिलीकरण अभ्यास, आसनों के अभ्यास में सावधानियाँ, दैनिक जीवन में योगाभ्यास की उपयोगिता
3	**प्राणायाम, ध्यान एवं मानसिक स्वास्थ्य** प्राणायाम : अर्थ एवं महत्व, नाड़ी शोधन, भ्रामरी, उज्जायी, शीतली आदि प्राणायाम, प्राण एवं मानसिक संतुलन, ध्यान रू अर्थ एवं उद्देश्य, तनाव, चिंता एवं अवसाद प्रबंधन में योग, भावनात्मक संतुलन एवं सकारात्मक चिंतन
4	**योग एवं रोग प्रबंधन** जीवनशैली विकारों की अवधारणा, मधुमेह प्रबंधन में योग, उच्च रक्तचाप एवं हृदय स्वास्थ्य, मोटापा एवं वयापचय विकार, अस्थमा एवं श्वसन स्वास्थ्य, पाचन विकार एवं योग, मनोकायिक रोगों में योग, रोग प्रतिरोधक क्षमता एवं योग
5	**योग का व्यावहारिक एवं सामाजिक अनुप्रयोग** विद्यालय एवं विश्वविद्यालय में योग शिक्षा, कार्यस्थल पर योग एवं तनाव प्रबंधन, वृद्धावस्था एवं पुनर्वास में योग, महिला स्वास्थ्य एवं योग, खेल एवं प्रदर्शन क्षमता में योग, सामुदायिक स्वास्थ्य एवं योग जागरूकता

सन्दर्भ ग्रन्थ–

हठयोग प्रदीपिका – योग पब्लिकेशन ट्रस्ट , मुंगेर, बिहार

घेरण्ड संहिता – योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट, मुंगेर, बिहार

योग और रोग - स्वामी सत्यानंद सरस्वती

आसन प्राणायाम मुद्राबंध - स्वामी सत्यानंद सरस्वती

Yogic Management of Common Diseases - Swami Karmananda Saraswati

Asana Pranayama Mudra Bandha – Swami Satyananda Saraswati

Applied Yogic Science – Dr Kamakhya Kumar

Yoga and Health – Dr Kamakhya Kumar

नोटः इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड होंगे– अ, और ब। "खण्ड अ" में दिए गए लघुउत्तरीय/टिप्पणात्मक सात प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे जिनमें से प्रत्येक पाँच अंको का होगा। "खण्ड ब" में दीर्घोत्तरात्मक/विवरणात्मक चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर देने होंगे जिनमें से प्रत्येक पन्द्रह अंको का होगा। प्रश्न पत्र सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा।

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड

PG Diploma in Yoga and Alternative Therapy	DSE 4						SEMESTER- II
	प्रयोगात्मक – (आसन प्राणायाम –02) Practical – (Asana - Pranayama 02)						
Total Lectures	Maximum Marks (MM)	Time	L	T	P	Sessional	End Semester Exam (ESE)	Total Credits
60	100	2 Hrs.	3	1	0	00	100	04

पाठ्यक्रम अधिगम परिणाम

इस प्रायोगिक पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्र उन्नत स्तर के आसन, प्राणायाम, ध्यान, मुद्राओं एवं योगिक क्रियाओं का व्यवस्थित अभ्यास करना सीख सकेगा। वह इन अभ्यासों के चिकित्सीय एवं स्वास्थ्यवर्धक प्रभावों को समझकर उन्हें सुरक्षित और प्रभावी ढंग से प्रदर्शित एवं शिक्षित करने की दक्षता प्राप्त करेगा।

शीर्षक	विवरण	अंक
आसन	**प्रथम सेमेस्टर के अतिरिक्त निम्नलिखित अभ्यास** उत्कटासन, पश्चिमोत्तानासन, चक्रासन, समकोण, नटराज आसन, कुक्कुटासन, कूर्मासन, वक्रासन, हस्तपाद अंगुष्ठासन, उत्थित–पद्मासन, पाद अंगुष्ठान, पर्वतासन, आकर्णधनुरासन, भूनमनासन, बद्ध पद्मासन, कोणासन अष्टवकासन, वातायनासन, तुलासन, व्याग्रासन, कूर्मासन, गुप्त पद्मासन, गर्भासन, तिर्यक भुजंगासन, सर्पासन, अर्ध चन्द्रासन, उष्ट्रासन, अर्ध पद्मासन, पश्चिमोत्तासन, परिवृत्त जानुशीर्षासन, संकटासन।	25
प्राणायाम	**प्रथम सेमेस्टर के अतिरिक्त निम्नलिखित अभ्यास।** शीतली प्राणायाम, शीतकारी प्राणायाम, बाह्यवृत्ति, आभ्यन्तरवृत्ति।	10
षट्कर्म	अग्निसार क्रिया, शीतकर्म कपालभाति, सूत्रनेति, व्युत्क्रम कपालभाति।	20
मुद्रा–बन्ध	शाम्भवी मुद्रा, तडागी मुद्रा, प्राण मुद्रा, काकी मुद्रा, महामुद्रा, महाबंध मुद्रा, महावेध मुद्रा।	10
ध्यान विधियाँ	अन्तर्मौन, कायास्थैर्यम।	10
मौखिकी	मौखिकी	15

सन्दर्भ ग्रन्थ –

हठप्रदीपिका – प्रकाशक कैवल्यधाम लोणावाला
हठयोग प्रदीपिका – स्वामी मुक्तिबोधानन्द सरस्वती
घेरण्ड संहिता – योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट, मुंगेर, बिहार
आसन प्राणायाम मुद्रा एवं बन्ध – योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट, मुंगेर, बिहार
आसन क्यों और कैसे – ओ० पी० तीवारी
Asana Pranayama Mudra Bandha – Swami Satyananda Saraswati

PG Diploma in Yoga and Alternative Therapy	IAPC 2						SEMESTER- II
	शोध परियोजना Research Project						
Total Lectures	Maximum Marks (MM)	Time	L	T	P	Sessional	End Semester Exam (ESE)	Total Credits
60	100	2 Hrs.	3	1	0	00	100	04

पाठ्यक्रम अधिगम परिणाम

परियोजना कार्य का उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध अभिरुचि, विश्लेषणात्मक दृष्टि तथा अकादमिक लेखन कौशल का विकास करना है।

लघु शोध प्रबन्ध

अंक : 100

विद्यार्थी निम्नलिखित निर्देशों का पालन करते हुए अपना परियोजना कार्य तैयार करेगा–

- परियोजना का विषय योग, योग चिकित्सा, भारतीय ज्ञान परंपरा, आयुष, स्वास्थ्य, प्राकृतिक चिकित्सा, प्राणायाम, ध्यान, योग दर्शन अथवा योग से संबंधित किसी समसामयिक विषय पर आधारित होना चाहिए।
- परियोजना का शीर्षक विभागाध्यक्ष/पर्यवेक्षक की स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात ही अंतिम माना जाएगा।
- परियोजना मौलिक होनी चाहिए तथा किसी अन्य स्रोत से प्रतिलिपि नहीं की जानी चाहिए।
- परियोजना की कुल लंबाई 60 से 80 पृष्ठ (मुख्य विषय-वस्तु) के मध्य होनी चाहिए।
- परियोजना को पाँच अध्यायों में विभाजित किया जाएगा, जिनका सामान्य प्रारूप निम्नानुसार होगा–

अध्याय-1 : प्रस्तावना **अध्याय-2 : संबंधित साहित्य का अध्ययन**

अध्याय-3 : अध्ययन की कार्यप्रणाली (यदि आवश्यक हो) **अध्याय-4 : विषय का विश्लेषण एवं विवेचन**

अध्याय-5 : निष्कर्ष एवं सुझाव

- परियोजना में मुखपृष्ठ, प्रमाण-पत्र, घोषणा-पत्र, आभार, अनुक्रमणिका, सारांश, संदर्भ ग्रंथ सूची तथा परिशिष्ट (यदि आवश्यक हो) का समावेश किया जाएगा।
- परियोजना का लेखन हिंदी अथवा अंग्रेज़ी में किया जा सकता है। हिंदी लेखन के लिए यूनिकोड (Mangal/Kokila/Aparajita) फॉन्ट का प्रयोग किया जाए।
- टंकण (Typing) A4 आकार के कागज़ पर, 12–14 फॉन्ट आकार, 1.5 लाइन स्पेसिंग तथा दोनों ओर उचित मार्जिन के साथ किया जाए।
- प्रत्येक अध्याय के अंत में आवश्यकतानुसार संदर्भ (References/Footnotes) दिए जाएँ तथा अंत में मानक संदर्भ शैली (APA/MLA/Chicago अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शैली) का पालन किया जाए।
- जहाँ आवश्यक हो, वहाँ सारणी (Tables), चित्र (Figures), ग्राफ एवं आरेख का उपयोग किया जा सकता है।
- यदि परियोजना सर्वेक्षण अथवा क्षेत्रीय अध्ययन पर आधारित हो, तो प्रश्नावली, सहमति-पत्र एवं संबंधित आँकड़ों को परिशिष्ट में संलग्न किया जाए।
- परियोजना में प्रयुक्त सभी तथ्य, आँकड़े एवं उद्धरण प्रामाणिक एवं अद्यतन स्रोतों पर आधारित होने चाहिए।
- परियोजना का मूल्यांकन विषय चयन, सामग्री की गुणवत्ता, मौलिकता, प्रस्तुतीकरण, संदर्भों के उचित उपयोग तथा मौखिक प्रस्तुति के आधार पर किया जाएगा।
- विश्वविद्यालय/विभाग द्वारा समय-समय पर जारी अन्य निर्देश भी परियोजना कार्य पर समान रूप से लागू होंगे।

लघुशोध प्रबन्ध के प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन आंतरिक एवं बाह्य विशेषज्ञ संयुक्त रूप से करेंगे।

विभागाध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय
हरिद्वार-249402 उत्तराखण्ड